RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 343 | WEDNESDAY DATE 31-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

आल्टमैन जी क्यों किया, इतना ढीला काम।
रखते अपने हाथ में, इसकी आप लगाम।
इसकी आप लगाम, बनाई क्यों एआई।
खतरनाक यह चीज, विश्व के हाथ थमाई।
कह साहिल कविराय, टूल इसमें न्यू ठोको।
जल्दी से मिस यूज, आप इसका अब रोको।

प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल



## बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का ढाका के अस्पताल में निधन



**ढाका, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश के राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। उनके बेटे तारेक रहमान, जो स्वेच्छा से ब्रिटेन में निर्वासन में चले गए थे, चुनाव लड़ने और अपनी बीमार मां को देखने के लिए हाल ही में स्वदेश वापस लौटे थे। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। उनका निधन ढाका के एवरकेयर अस्पताल में आज सुबह छह बजे हुआ, जहां पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था। पार्टी अधिकारियों ने कहा कि बेगम जिया को 23 नवंबर को दिल और फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें निमोनिया भी था और हाल के दिनों में उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। एक बयान में, बीएनपी ने कहा, बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का आज सुबह 6:00 बजे फज्र की नमाज के तुरंत बाद निधन हो गया।

## सीएम को 7 चिट्ठियाँ लिखीं, फिर भी बीएसएफ को जमीन नहीं: शाह

» **कोलकाता, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बीएसएफ को कंटीली बाड़ लगाने के लिए पर्याप्त जमीन न देने का आरोप पश्चिम बंगाल सरकार पर लगाया। शाह ने कहा कि बांग्लादेश से लगने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए उन्होंने बीएसएफ को जमीन मुहैया कराने के लिए सीएम ममता बनर्जी को सात पत्र भेजे, लेकिन उन्होंने सबको नजरअंदाज कर दिया। कोलकाता में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, मैंने बीएसएफ को जमीन देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री को सात चिट्ठियां भेजी हैं। इस खास मुद्दे पर पश्चिम बंगाल में तीन सेक्रेटरी-लेवल की मीटिंग्स हुई हैं।इसके बाद भी पश्चिम बंगाल सरकार कंटीली बाड़ लगाने के लिए जमीन देने में आनाकानी क्यों कर रही है।उन्होंने कहा कि अब बीएसएफ पर अवैध घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने का आरोप लग रहा है।

मेरा सवाल यह है कि सही कंटीली बाड़ के बिना बीएसएफ सीमाओं पर असरदार सीमा सुरक्षा कैसे कर पाएगी? केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि भाजपा किसी भी हालत में उस राजनीतिक पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं करेगी, जो अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देती है और अपने पक्के वोट बैंक को बचाने के लिए घुसपैठियों को पालती-पोसती है। घुसपैठ एक बहुत गंभीर मुद्दा है, क्योंकि इस खतरे की वजह से राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। जब तक घुसपैठ को रोका नहीं जाता तो आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल के लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाएंगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर चीफ सेक्रेटरी और डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस जैसे सीनियर ब्यूरोक्रेट्स और पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति करते समय भी सेंट्रल सर्विस अधिकारियों की कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी, डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनेल एंड ट्रेनिंग के नियमों को कमजोर करने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त
## ताजा खबरें

### त्रिपुरा में आक्रोश: बांग्लादेशी गैस टैंकर्स का घेराव

**अगरतला, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** त्रिपुरा के जीरानिया और बोधजंग नगर क्षेत्रों में जनता का धैर्य तब जवाब दे गया, जब प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश से आए आठ गैस बुलेट टैंकर्स को रोक दिया। बांग्लादेशी वापस जाओ के नारों के साथ हुआ विरोध प्रदर्शन केवल एक नाकाबंदी नहीं, बल्कि पड़ोसी देश में पनप रहे भारत-विरोधी विमर्श और हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ एक कड़ा संदेश है। दरअसल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के आने को विशेषज्ञ केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि कट्टरपंथ का आगमन मान रहे हैं। यूनुस की चीन यात्रा और वहां सेवन सिस्टर्स (पूर्वोत्तर भारत) के लिए बांग्लादेश को गार्जियन बताने वाला बयान भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए सीधी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। त्रिपुरा जैसे शांत राज्य में इस तरह का प्रदर्शन भारत की बदलती रणनीति और जन-भावनाओं को दर्शाता है। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार अब स्वीकार्य नहीं हैं। भारत-विरोधी एजेंडा चलाने वालों को भारतीय संसाधनों का लाभ नहीं मिलने दिया जाएगा। सीमा पार से दी जा रही धमकियों का जवाब अब जमीनी कार्रवाई से दिया जाएगा।

### लातूर: शराब परोसने से मना करने पर बार मालिक की नृशंस हत्या

**लातूर, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

महाराष्ट्र के लातूर जिले में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। चाकुर तालुका के नाइगांव में मात्र शराब और सिगरेट न देने पर 3 युवकों ने मिलकर एक 42 वर्षीय बार मालिक, गजानन कासले, की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जब कासले अपना बार बंद कर चुके थे, तब तीन युवक जबरन अंदर घुस आए। उन्होंने बंद समय में शराब और सिगरेट की मांग की। जब कासले ने नियमों का हवाला देकर इंकार किया, तब आरोपी हिंसक हो उठे। आरोपियों ने कासले को गालियां देकर लकड़ी के डंडों व लाठियों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

## 2025 में हर सेक्टर में सुधारों से विकास को मिली रफ्तार

# युवा आबादी भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस का इंजन: मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस का प्राइमरी इंजन देश की जनसांख्यिकी, हमारी युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर पीएम मोदी ने लिखा कि 2025 हर सेक्टर में सुधारों के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण रहा है और इससे देश की विकास यात्रा को रफ्तार मिली और साथ ही विकसित भारत यात्रा के प्रयासों को बढ़ावा मिला है।

उन्होंने पोस्ट में लिखा कि 2025 को भारत के लिए एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब सरकार ने पिछले 11 वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के आधार पर निरंतर राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन व्यवस्था को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की नींव को मजबूत किया।

इन सुधारों का उद्देश्य नागरिकों को गरिमापूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाना, उद्यमियों को आत्मविश्वास के साथ इनोवेशन करने में सक्षम बनाना और संस्थानों को स्पष्टता और विश्वास के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करना है।

पीएम ने पोस्ट में आगे लिखा कि जीएसटी 2.0 ने टैक्स स्लैब की संख्या को घटाकर दो - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया है। इससे एमएसएमई, किसानों और अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स के साथ आम लोगों पर टैक्स का बोझ कम हुआ है।

### टैक्स राहत से लेकर निवेश तक, बड़े फैसले

सरकार ने 12 लाख रुपए तक कमाने वालों पर इनकम टैक्स शून्य कर दिया है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को फायदा हुआ है। वहीं, सरकार ने पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को इनकम टैक्स एक्ट 2025 से प्रतिस्थापित कर दिया है। यह सभी सुधार मिलकर भारत को एक पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-आधारित कर प्रशासन की ओर ले जाएंगे। पीएम ने पोस्ट में बताया कि छोटी कंपनियों के लिए अब टर्नओवर की सीमा 100 करोड़ रुपए तय कर दी गई है। इससे कई छोटी कंपनियों पर अनुपालन का बोझ कम हुआ है। इसके अलावा इंश्योरेंस कंपनियों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी गई है। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और लोग को बेहतर उत्पाद मिल पाएंगे।



## नोएडा में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू का कहर, कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**नोएडा, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** नोएडा में एक बार फिर तेज रफ्तार लग्जरी कार की लापरवाही ने एक व्यक्ति की जान ले ली। ताजा मामला थाना सेक्टर-20 क्षेत्र का है, जहां देर रात तेज गति से दौड़ रही बीएमडब्ल्यू कार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। यह दर्दनाक हादसा निठारी गांव के पास हुआ, जिसने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और सड़क सुरक्षा को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा बीती रात करीब 11 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बीएमडब्ल्यू कार बेहद तेज रफ्तार में थी और अचानक सामने चल रही साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर एकत्र हो गए।

## ट्रेंडिंग न्यूज

### चौथी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी का समुद्री परीक्षण शुरू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** भारत की चौथी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी-एस का समुद्री परीक्षण शुरू हो गया है। 7000 टन वजनी यह पनडुब्बी पिछले सप्ताह विशाखापत्तनम बंदरगाह स्थित शिपबिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) से समुद्री परीक्षण के लिए रवाना हुई। एस4 सितारा (चार सितारा) अरिहंत श्रेणी की बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों की श्रृंखला की अंतिम पनडुब्बी है और इसमें 3500 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता वाली आठ परमाणु-युक्त के-4 पनडुब्बी-प्रवेशित बैलिस्टिक मिसाइलें (एसएलबीएम) हैं।

## लखनऊ में 170 भेड़ों की अचानक मौत से मचा हड़कंप, सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

**लखनऊ, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** यूपी के लखनऊ में 170 भेड़े अपने आप मर गई। यह रहस्यमय मौतें आखिर कैसे हुई है क्या कोई साजिश है यह कोई राष्ट्र विरोधी प्रयोग किया गया है, यह रहस्यमय मौतें अपने आप में कई सवाल खड़े कर रही हैं। इस मामले की जांच हाई लेवल पर की जाएगी। लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के आसपास के इलाके में करीब 170 भेड़ों की रहस्यमय तरीके से मौत के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और हरेक भेड़ की मौत के लिए 10 हजार रुपए के मुआवजे की घोषणा भी की है। गैर-सरकारी संगठन की संस्थापक ने मड़ियांव थाने में दी शिकायत में कहा कि पीएम के हाल ही में हुए कार्यक्रम के बाद राष्ट्र प्रेरणा स्थल के आसपास के इलाके में करीब 170 भेड़ों की अचानक मौत हो गई। प्रथम दृष्ट्या यह पता नहीं है कि इन भेड़ों की मौत कोई अपशिष्ट खाने से हुई या किसी अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर उन्हें जहर दिया था। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी संस्था को इस मामले की जानकारी मिली थी।



## शिक्षकों से कुत्तों की गिनती वाला दावा झूठा, आप आदेश दिखाए या माफी मांगे : आशीष सूद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि आप के नेता लगातार सोशल मीडिया के जरिए झूठ और अफवाहें फैलाकर दिल्ली के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सोमवार को सोशल मीडिया पर एक संगठित अभियान चलाया गया, जिसमें यह झूठा दावा किया गया कि दिल्ली के शिक्षकों को लावारिस कुत्तों की गिनती के काम में लगाया गया है। यह दावा पूरी तरह निराधार और झूठा है। मंत्री ने आम आदमी पार्टी को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर शिक्षकों को कुत्तों की गिनती में लगाने से जुड़ा कोई आदेश या सर्कुलर मौजूद है, तो उसे तुरंत सार्वजनिक किया जाए।

## पंजाब सरकार का आचरण अलोकतांत्रिक: शिवराज सिंह चौहान



**भोपाल, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष और पंजाब सरकार पर हमला बोला और पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में ह्यविकसित भारत- जी राम जीह्न के खिलाफ प्रस्ताव लाने को लोकतांत्रिक और संविधान विरोधी करार दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब विधानसभा में लिए गए प्रस्ताव पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब विधानसभा के एक दिन के सत्र में संसद के कानून के खिलाफ प्रस्ताव लाने का एजेंडा रखा गया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# यात्री से मारपीट करने वाला निलंबित पायलट वीरेंद्र सेजवाल को मिली जमानत, पुलिस ने किया था गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, निलंबित पायलट वीरेंद्र सेजवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया। क्योंकि आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर यात्री अंकित दीवान पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज किया गया अपराध जमानती है। मामला दर्ज होने के बाद संबंधित सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए गए और बयान दर्ज किए गए। आरोपी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस बात की जानकारी दी।

घटनास्थल से इकट्ठा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच करने के साथ लोगों के बयान दर्ज किए गए। उसके बाद आरोपी कैप्टन को



पूछताछ के लिए बुलाया गया। उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी से पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मामला 19 दिसंबर की है जब यात्री अंकित दीवान ने टर्मिनल एक पर वीरेंद्र सेजवाल पर मारपीट का आरोप लगाया था। घटना के समय सेजवाल ऑफ ड्यूटी थे और यात्रा करने एयरपोर्ट पहुंचे थे। बता दें कि दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर यह घटना हुई थी। आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल उस समय किसी दूसरी एयरलाइन से यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान उसका यात्री अंकित दीवान से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करते हुए चेहरे पर खून के निशान वाली तस्वीर भी पोस्ट की थी।

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पायलट को तुरंत ड्यूटी से हटा दिया था। एयरलाइन ने साफ कहा था कि इस तरह के व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी कर उससे स्पष्टीकरण मांगा। मामला सामने के बाद निष्पक्ष जांच के लिए एअर इंडिया एक्सप्रेस अगले सप्ताह एक बाहरी जांच समिति गठित करेगी। यह समिति घटना के हर पहलू की जांच करेगी और उसी के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। एयरलाइन अधिकारियों ने पीड़ित यात्री से भी संपर्क किया है और सहयोग का आश्वासन दिया है।

## सरकार ने भी लिया संज्ञान

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी इस घटना पर सख्त रुख अपनाया। मंत्रालय ने पायलट को तत्काल ग्राउंड करने का निर्देश दिया और औपचारिक जांच के आदेश दिए।

बीसीएएस और सीआईएसएफ से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई। मंत्रालय ने कहा था कि यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बल्ब तोड़ते समय किशोर की आंख में कांच लगा, घायल

**लोनी, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** कोतवाली क्षेत्र की गीतांजलि विहार कॉलोनी स्थित कारखाने में बल्ब तोड़ते समय किशोर की आंख में कांच लग गया। कांच लगने से किशोर घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में किशोर के परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी है।

प्रशांत विहार कॉलोनी में रहने वाली रेखा देवी ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उनके पति धीरज गीतांजलि विहार में विजयपाल के घर पर संचालित कारखाने में सीएफएल बल्ब तोड़ने का कार्य करते हैं। विजयपाल ने घर आकर परिजन को डरा धमका कर दोनों नाबालिग पुत्रों तुषार व संदीप को काम करने के लिए बुला लिया। आरोप है कि काम करते समय छोटे पुत्र की आंख में कांच के महीन कण लग गए। कारखाना मालिक ने पुत्र का उपचार कराने का आश्वासन दिया। आंख में दर्द बढ़ने पर परिजन पुत्र को दिल्ली के एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने आंख का आपरेशन करने की बात बताई। आपरेशन की बात पता चलने पर फैक्टरी मालिक ने इलाज का खर्च देने से इन्कार किया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### निगम ने अतिक्रमण करने पर लगाया एक लाख का जुर्माना

**वैशाली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** सेक्टर पांच में नगर निगम की टीम ने लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेकर सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम की टीम ने बताया कि लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 25 से अधिक अवैध दुकानों और रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया है। वहीं टिन शेड लगाकर किए गए अतिक्रमण को भी ध्वस्त कर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। जोनल प्रभारी सुनील कुमार राय ने बताया कि नगर निगम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि नहर पुलिया से शॉप्रिक्स मॉल और सरकारी स्कूल के आसपास लंबे समय से अतिक्रमण करने की शिकायतें आ रही थीं। अतिक्रमण की वजह से यातायात और पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत का संज्ञान लेकर 25 से अधिक दुकानों और ठेलों को हटाया गया। साथ ही अवैध रूप से लगाए गए टिन शेड भी तोडे.गए।

# ममता सरकार में आतंकवादी, घुसपैठिए और अपराधी सुरक्षित: शहजाद पूनावाला

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वहां पर सिर्फ जिहादी, आतंकवादी, घुसपैठिए और अपराधी सुरक्षित हैं। भाजपा नेता का यह बयान एसआईआर ऑब्जर्वर पर हमले के बाद सामने आया है। शहजाद पूनावाला ने नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में कहा कि टीएमसी नेता खुलेआम धमकियां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि हाथ-पैर तोड़ देंगे, क्योंकि वे घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं। इससे साफ पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो गई है।

चुनाव आयोग को इस पूरे मामले का बहुत गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि ये हमले ममता बनर्जी के घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के वोट बैंक को बचाने के लिए किए जा रहे हैं। ममता बनर्जी द्वारा दुर्गा आंगन कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखे जाने पर भाजपा नेता ने कहा कि एक तरफ टीएमसी ने हुमायूं कबीर जैसे लोगों को खुला छोड़ दिया, जिसने खुलेआम ह्यबाबरी जिंदाबादह्व और ह्यहम बाबरी मस्जिद



फिर से बनाएंगे जैसे नारे लगाए, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। दूसरी तरफ टीएमसी नेता हिंदू धर्म का अपमान करते हैं, यह दावा करते हैं कि भगवान राम मुस्लिम थे और जय श्री राम का नारा लगाने वालों को गिरफ्तार करते हैं। चुनाव के दौरान ऐसे लोग मौसमी हिंदू बन जाते हैं। हम सीधे मांग करते हैं कि हुमायूं कबीर को जेल भेजो और जय श्री राम का विरोध करने वालों पर टीएमसी रुख साफ करे।

नए साल के जश्न पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के बयान पर शहजाद पूनावाला ने कहा कि सबसे पहले मौलाना साहब को बताएं कि वह रोजाना टीवी पर दावा करते हैं कि उन्होंने फतवा जारी किया है।

# चौथी मंजिल से गिरकर छात्र की मौत, मॉल में रील बनाते समय हादसा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

मॉडल टाउन इलाके में बंद पड़े मॉल में दोस्तों के साथ रील बनाते समय चौथी मंजिल की छत से गिरकर ग्यारहवीं के छात्र की मौत हो गई। शिनाख्त 16 साल के कबीन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि सभी लड़के ऊपर की मंजिल पर लगे फाइबर शीट पर चढ़कर रील बना रहे थे, तभी अचानक शीट के टूटने से छात्र 50 फीट नीचे मॉल के लॉबी में गिर गया। घटना के बाद उसके दोस्त मौके से भाग गए।

बच्चे के गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान किशोर को पास के निजी



अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिवार वालों ने दोस्तों पर धक्का देने का आरोप लगाया है। पुलिस सभी पहलू पर मामले की छानबीन कर रही है।

## नए साल से पहले अलर्ट मोड में पुलिस, कृष्णा नगर के लाल क्वार्टर में मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** नए साल के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को परखने और आपात हालात से निपटने की तैयारी के तहत शाहदरा जिले के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल क्वार्टर इलाके में मंगलवार को एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी भी संदिग्ध स्थिति से निपटने में पुलिस और अन्य एजेंसियों की तत्परता को जांचना था। मॉक ड्रिल के अनुसार, दोपहर 12:18 बजे फायर विभाग को सूचना दी गई, जबकि 12:21 बजे कृष्णा नगर थाने को कॉल मिली कि लाल क्वार्टर इलाके में एक दुकान के पास काफी देर से एक लावारिस बैग पड़ा हुआ है। सूचना में यह भी बताया गया कि बैग से तार बाहर निकल रहे हैं, जिससे उसमें बम होने की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देरी किए इलाके को सुरक्षित किया और तुरंत संबंधित एजेंसियों को अलर्ट किया गया।

# सीएम का एलान: नए साल में गरीबों को मिलेंगी फ्लैट्स की चाबियां

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को केवल छत ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक और सुविधायुक्त जीवन उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की मौजूदा ईडब्ल्यूएस आवासीय कॉलोनियों में सामुदायिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अगले वर्ष से गरीबों को फ्लैट्स मिलने लगेंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल मकान बनाकर जिम्मेदारी पूरी करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि गरीब और वंचित वर्ग को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल, हरित क्षेत्र और रोजगार से जुड़ी सुविधाएं भी एक साथ उपलब्ध हों। सावदा घेवरा जैसी गरीबों के लिए बनाई गई बड़ी कॉलोनी में बुनियादी और सामाजिक ढांचे का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उम्मीद है कि अगले वर्ष से गरीबों को फ्लैट्स मिलने लगेंगे।




## बड़ी ईडब्ल्यूएस कॉलोनियों में एक सावदा घेवरा

मुख्यमंत्री ने बताया कि सावदा घेवरा ईडब्ल्यूएस आवासीय कॉलोनी लगभग 37.81 एकड़ भूमि में विकसित की गई है। यहां 2012 से 2020 तक कुल 7,620 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है, जिनमें से 6,476 आवास अभी रिक्त हैं। लेकिन पूर्व सरकारों ने इस कॉलोनी में गरीबों को बसाने में रुचि नहीं दिखाई, जिस कारण अधिकतर फ्लैटों को मरम्मत की जरूरत है। कॉलोनी में 100 प्रतिशत सीवरेज नेटवर्क उपलब्ध है। अब दिल्ली सरकार ने यहां गरीबों को बसाने की तैयारी शुरू कर दी है। उसके लिए यहां बुनियादी सुविधाएं तेजी से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## पार्क, जल प्रबंधन व अन्य सुविधाओं पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावदा घेवरा में हरित क्षेत्रों और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए 39 आवासीय पार्क विकसित किए गए हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 22 हजार वर्ग मीटर से अधिक है। इसके साथ ही दो भूमिगत जल टैंक, बूस्टर स्टेशन और ओवरहेड वाटर टैंक की व्यवस्था की गई है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चार ढलाव बनाए गए हैं, जिनमें कचरा पृथक्करण की सुविधा भी शामिल है। कॉलोनी में कई अहम सुविधाएं अभी निर्माणाधीन अवस्था में हैं। यहां दो प्राथमिक विद्यालयों में से एक का निर्माण पूरा हुआ है। इसी तरह एक डिस्पेंसरी या अस्पताल प्रस्तावित है।

## दिल्ली के पते वाली महिलाओं को ही फ्री बस सेवा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** राजधानी की पिंक सहेली बसों में महिलाओं के लिए सरकार जल्द ही स्मार्ट कार्ड सुविधा शुरू करेगी। अगले साल से डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त सेवा का लाभ उन्हीं महिलाओं को मिलेगा जिनके आधार का पता दिल्ली का होगा। सरकार का दावा है कि इस बदलाव से योजना में होने वाले दुरुपयोग और अनावश्यक खर्च पर प्रभावी रोक लग सकेगी। 2019 में शुरू की गई महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा योजना में अब तक कागजी पिंक टिकट जारी किए जाते रहे हैं। सरकार का आकलन है कि इस व्यवस्था में फर्जी यात्रियों और गैर-लाभार्थियों के जरिये नुकसान की आशंका बनी रहती है।

# रिंग रोड स्टंटबाजी मामला: कार से स्टंट करने वाले पांच गिरफ्तार, 12 की पहचान चार कारें भी हुईं जब्त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

आईटीओ के पास रिंग रोड पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कार से स्टंट करने वाले पांच लड़कों को आईपी स्टेट थाना पुलिस ने दक्षिण-पूर्व दिल्ली के जामिया नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। आईपी स्टेट थाना पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चार कारें भी जब्त की हैं। आरोपियों की पहचान बटला हाउस, जामिया नगर निवासी अल्पास (21), जोगा बाई एक्सटेंशन, जामिया नगर निवासी सरफराज (26), जाकिर नगर, जामिया नगर निवासी मोहम्मद इमरान कुरैशी (23), जोगा बाई निवासी मोहम्मद शब्बीर (23) और साद अब्दुल्लाह (22) के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्टंट करने के मामले में फिलहाल 12 और आरोपियों की पहचान की गई है। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। स्टंट करने में एक दूसरी कार के शामल होने की बात भी की जा रही है।



पुलिस की कई टीमें फरार आरोपियों की तलाश कर रही हैं। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की है।

पुलिस को पांचवीं गाड़ी की भी तलाश है। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो 26 दिसंबर की रात पौने 11 बजे का बताया गया। वीडियो में पांच कारों में सवार करीब 20 युवक आईटीओ से सराय काले खां जाते समय रास्ते में अपनी कार की खिड़कियों और सनरूफ से निकलकर स्टंट कर रहे थे।

# पर्यावरण संरक्षण में अनुकरणीय मिसाल, एसडीएम हांसी राजेश खोथ हुए सम्मानित

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 30 दिसम्बर। हांसी उपमंडल में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उपमंडल अधिकारी (ना.) राजेश खोथ ने अनुकरणीय पहल कर एक नई मिसाल कायम की है। उनके नेतृत्व में 25 जून से 25 सितंबर तक विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत हांसी शहर सहित आसपास के करीब 40 गांवों में कुल 11 हजार 500 पौधे रोपे गए, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

इस व्यापक अभियान में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई। प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को सफल बनाया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने 50 से अधिक स्थानों पर स्वयं पहुंचकर पौधारोपण किया और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

उनके इस सराहनीय कार्य के लिए गुड गवर्नेंस डे के अवसर पर जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार विधानसभा स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, जिला उपायुक्त हिसार महेंद्र पाल, पूर्व मंत्री कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक द्वारा हांसी के एसडीएम राजेश खोथ को सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके कार्यों की स्वीकृति है, बल्कि प्रशासनिक कार्यशैली के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

इसके साथ ही हांसी को जिला बनाए जाने की घोषणा से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि जिला बनने से विकास कार्यों को गति मिलेगी और प्रशासनिक सुविधाएं और बेहतर होंगी। हांसी के लिए यह समय उपलब्धियों और नई संभावनाओं का प्रतीक बनकर उभरा है। जबकि राजेश कोथ ने इस सम्मान का श्रेय हांसी के युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को दिया है इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारीगण, पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



## दिल्ली पुलिस ने 22.7 लाख के साइबर स्कैम का किया खुलासा, हरियाणा से दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** दिल्ली पुलिस ने साइबर ठगी का पर्दाफाश करते हुए 22.70 लाख रुपए के फर्जी शेयर ट्रेडिंग घोटाले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने हरियाणा के हिसार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी एक फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग ऐप और व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिए लोगों को मोटे मुनाफे का लालच देकर ठग रहे थे। शाहदरा जिला पुलिस के अनुसार, 13 नवंबर को पीड़िता अमिता गर्ग ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप ह्यस्टैन चार्ट डायलॉग फोरम एल7ह्ल में जोड़ा गया था। इस ग्रुप में पांच एडमिन थे, जो नियमित रूप से शेयर बाजार, डीमैट अकाउंट और निवेश से जुड़ी बातें करते थे। ग्रुप की एक एडमिन (जिसने खुद को यालिनी गुना बताया) ने एक खास निवेश योजना शेयर की। उसने दावा किया कि उनकी खुद की ऐप ह्यएससीआईआईएचएनडब्ल्यूह्ल के जरिए शेयर बाजार में निवेश करने पर निश्चित और ज्यादा मुनाफा मिलेगा। भरोसा दिलाने के लिए ग्रुप में लगातार शेयर टिप्स और मुनाफे के दावे किए जाते थे। पीड़िता ने ग्रुप में भेजे गए लिंक से ऐप डाउनलोड की और शुरुआत में अलग-अलग तारीखों में 11 ट्रांजैक्शन के जरिए करीब 2.70 लाख रुपए निवेश किए।

# मन की उड़ान साहित्यिक मंच द्वारा भव्य कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित

» हरियाणा, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।




मन की उड़ान साहित्यिक संस्था द्वारा एम डी डी बाल भवन सभागार में भव्य कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित किया, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ धर्म देव विधार्थी निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला पहुंचे, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर डॉ एस के शर्मा पूर्व निदेशक स्वास्थ्य विभाग हरियाणा ने की,विशिष्ट अतिथि प्रवेश शर्मा निदेशक हरियाणा उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महावीर प्रसाद शास्त्री रहे। विशेष अतिथि पी आर नाथ, परमिंदर पाल सिंह व सुरेन्द्र सिंह मान एम डी डी बाल भवन से रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित से कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य अतिथि, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा का गया। स्वागत संस्थापक संस्था संस्थापक रामेश्वर ह्यदेवह्ल व संस्था अध्यक्ष पूनम गोयल ने किया, इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि व शायरों की उपस्थिति रही, काव्य की शुरुआत सरस्वती वंदना से कुमारी खुशबू ने की, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ एस के शर्मा ने कहा कोई मुझ से पूछे मैं क्या चाहता हूं, मैं बस उनकी मोहब्बत चाहता हूं,मुझे कुछ नहीं चाहिए जिन्दगी में, मुहब्बत का इक लम्हा चाहता हूं,मुख्य अतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी निदेशक डॉ धर्म देव विधार्थी ने कहा हरि हरि हरियाणा रटते बीती रे उमरिया,बिन हरियाणवी भाषा के भाई आवे न निंदरिया,

विशिष्ट अतिथि प्रवेश शर्मा ने कहा इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए, जिससे हमारी सभ्यता व संस्कृति का विस्तार हो सके। विशिष्ट अतिथि डॉ महावीर प्रसाद शास्त्री ने कहा सुखद आकाश था उन्मुक्त वायु सनसनाती थी,इसे दूषित बनाने में तेरा ही आचरण होगा,संस्था संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक युवा शायर रामेश्वर ह्यदेवह्लने कहा जिधर से तुम गुजरते हो महक तो आ ही जाती है, तुम्हारे मीठी बातों से चहक तो आ ही जाती है,संस्था अध्यक्ष कवयित्री पूनम गोयल ने कहा ओ री सखी कड़वी ही सही मगर एक बात कहूंगी,तेरा टूटना तेरा बिखरना किसी को दिखेगा,कवि दलीप खरेरा ने कहा युगों युगों से होता आया है नारी का उत्पीड़न,सिला बनायी गई अहिल्या,विरहा भरा शिया का जीवन, प्रयागराज से पहुंचे अंतराष्ट्रीय युवा शायर तनवीर ने कहा इस लिए है की यारी बाग के बबूलों से, क्यूं की चोट खाई है लाल लाल फुलों से, मशहूर युवा शायर जमाल हसनपुरी ने कहा कौन रोता है यहां रात की तन्हाई में,मेरे जैसा ही कोई इश्क का मारा होगा,कवयित्री अंजू शर्मा ने कहा मेरी हर बात में है तू तेरी हर बातों से नाता है, मेरे हर ख्वाब में है तू तेरी रातों से नाता है, कवि डॉ आर बी कपूर ने कहा तेरी और मेरी शायरी है बहुत जुदा,तुम लिखते हो इश्क पे मिसरे में बैठा है खुदा,शायरा नूर शम्स इलाहाबादी ने कहा आसमान की सैर करूं मैं, पंख जरा फैलाने दो, बचपन से तो यही सुना है, लड़की हो तुम जाने दो, कवयित्री सुमन मुस्कान ने कहा जालिम न रोक तू मेरे मन की उड़ान को, मैं चाहती हूं नापू खुले आसमान को, झज्जर से पहुंचे कवि जय सिंह जीत ने कहा हमें नफरतों को मिटाना पड़ेगा,अमन चैन से दिल लगाना पड़ेगा..

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल से घर लौट छात्र को सहपाठियों ने पीटा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** स्कूल से घर लौट रहे कक्षा 12वीं के एक छात्र से उसके ही सहपाठियों ने मारपीट की। घटना में छात्र को कई जगह चोट आई है। छात्र का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। छात्र के पिता ने चार आरोपितों को नामजद करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभिभावक की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वैशाली सेक्टर एक निवासी हेमंत कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा शनिवार को स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहा था। लौटते वक्त रास्ते में उनके बेटे के ही चार दोस्त उसे रास्ते में अपने अन्य साथियों के साथ मिले और बेटे से किसी बात पर विवाद करने लगे। आरोप है कि बेटे ने जब बात का विरोध किया तो उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में बेटे के सिर, नाक समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### शिप्रा सनसिटी में संदिग्ध हालत में तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तीसरी मंजिल की छत पर चाय पी रहे रियल एस्टेट कारोबारी के संदिग्ध हालत में गिरने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में उन्हें पास के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिप्रा सनसिटी निवासी 25 वर्षीय नमन लोहानी रियल एस्टेट का कारोबार करते थे। सोसायटी के तीसरी मंजिल के फ्लैट पर वह अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ रह रहे थे। पिता संजय लोहानी हरियाणा की एक फाइनेंस कंपनी में जॉब करते हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्या का आरोपी घायल, तमंचा और चाकू बरामद



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, थाना मुरादनगर पुलिस टीम मंगलवार को भोवापुर रोड क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गुलहसन उर्फ गुल्ला भोवापुर रोड की ओर आ रहा है और उसके पास अवैध हथियार हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल अतिरिक्त बल को मौके पर बुलाया और संभावित मार्गों पर घेराबंदी कर दी। जैसे ही पुलिस टीम ने संदिग्ध को रुकने का इशारा किया, अभियुक्त ने भागने का प्रयास किया।

# छात्रों द्वारा आत्महत्या का पर्याय बना आईआईटी कानपुर, 22 माह में 7 ने दी जान : जांच शुरू

राजस्थान निवासी छात्र जयसिंह मीणा आत्महत्या मामले की जांच में जुटी पुलिस

» सुनील बाजपेई




**कानपुर, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** देश के प्रतिष्ठित उच्च तकनीकी शिक्षा संस्थानों में शुमार यहां का आईआईटी छात्रों द्वारा किसी वजह से आत्महत्या किए जाने का पर्याय बन चुका है।

आईआईटी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यहां बीते 22 महीनों में संस्थान में सात छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यहां आत्महत्या की सातवीं घटना का संबंध राजस्थान के रहने वाले छात्र जयसिंह मीणा से है। उसने कल 29 दिसंबर को सुसाइड कर लिया था। उसका शव हॉस्टल के कमरे में लटका हुआ मिला था।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा छात्र का शव कब्जे में ले लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

सूचना के बाद राजस्थान से छात्र के परिजन भी कानपुर पहुंचे। 2 ब्लॉक ए रूम नंबर 148 में रहने वाला जय सिंह मीणा पुत्र गौरीशंकर मीणा निवासी अवधपुरी चाणक्य विद्या मंदिर सेकेंडरी स्कूल अजमेर राजस्थान का है।

जो यहां बायोलॉजिकल साइंस बीटेक चौथे साल का आईआईटी का छात्र था। पटना के बारे में पुलिस उसके साथियों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक छात्र ने पहले नसें काटी और फिर अपने गले में फंदा डालकर झूल गया। फिलहाल बीटेक के छात्र की आत्महत्या के मामले में अभी कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। पुलिस द्वारा आत्महत्या की असल वजह का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है।



# योगी सरकार में अयोध्या एयरपोर्ट की शुरूआत, दो वर्ष में ही 7 लाख से अधिक यात्रियों का आंकड़ा

» **अयोध्या, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

भगवान राम की पावन नगरी आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रही है। महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं। 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था, जो राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक पहले हुआ।

इन दो वर्षों में एयरपोर्ट ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अब तक कुल 7,85,412 यात्री यहां से आगमन और प्रस्थान कर चुके हैं। हाल ही में सीएसआई ने यात्री संतुष्टि की रैंकिंग जारी कर अयोध्या एयरपोर्ट को सुविधाओं के मामले में और बेमिसाल बना दिया है।

यह एयरपोर्ट न केवल आधुनिकता का प्रतीक है, बल्कि डबल इंजन सरकार की दूरदर्शी नीतियों का जीवंत उदाहरण भी है। केंद्र में मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की साझेदारी ने अयोध्या को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है, जहां पर्यटन, व्यापार और धार्मिक यात्राएं नई गति से बढ़ रही हैं। ये दो वर्ष अयोध्या के लिए परिवर्तन के वर्ष रहे हैं। जहां एक तरफ राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की, वहीं एयरपोर्ट ने आर्थिक और सामाजिक विकास को पंख दिए। डबल इंजन सरकार की यह साझेदारी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन के दौरान कहा था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### नमकीन फैक्टरी में आग से लाखों का सामान जलकर राख हुआ

**लोनी, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेक्टर ए पांच छह में नमकीन बनाने की फैक्टरी में सोमवार शाम करीब पांच बजे आग लग गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विहार के कर्मचारियों ने आग बुझाई। आग लगने से फैक्टरी में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता किया जाएगा।
रक्षित की ट्रॉनिका सिटी सेक्टर ए पांच छह में नमकीन बनाने की फैक्टरी है। सोमवार शाम करीब पांच बजे फैक्टरी की पहली मंजिल से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगीं। आग लगने की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों ने उन्हें मामले की सूचना दी। उन्होंने मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी और कर्मचारियों की सहायता से मौके पर मौजूद अग्निशमन उपकरणों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग लगने की सूचना पर वह अन्य कर्मचारियों व दो फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे।

### बेटे के दोस्त पर 10 लाख की नकदी व जेवर चोरी का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसायटी निवासी तरुण मौर्य ने घर से 10 लाख रुपये और जेवर चोरी करने का आरोप अपने बेटे के मित्र पर लगाया। आरोप है कि चोरी के रुपयों से आरोपी ने बुलेट बाइक और स्कूटी भी खरीदी है। नंदग्राम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।
एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि तरुण मौर्य के मुताबिक उन्होंने 10 लाख रुपये और जेवर बेड में रखे थे। 12 नवंबर को उन्हें घर से नकदी और जेवर चोरी होने की जानकारी हुई।

## यौन शोषण करने वाले सौतेले पिता को 20 साल की कैद, सुनवाई के दौरान पीड़िता-मां और बहन ने बदल दी थी गवाही

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**



दिल्ली हाईकोर्ट ने अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता की 20 साल की सजा बरकरार रखी है। हालांकि मुकदमे के दौरान पीड़िता, पीड़िता की मां और अन्य गवाह मुकर गए थे। न्यायमूर्ति अमित महाजन की एकल पीठ ने फैसले में पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल की कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा को सही ठहराया। अदालत ने कहा कि प्रारंभिक शिकायत, बयान और मेडिकल सबूतों से अपराध साबित होता है, भले ही गवाह अदालत में मुकर गए हों, लेकिन मामला संगीन है। मामला 2016 का है, जब 25 मार्च को होली की रात में आरोपी जाहिद ने अपनी नाबालिग सौतेली बेटी (उम्र 12 साल से कम) का जबरन यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में दी थी। पीड़िता ने सुबह अपनी बड़ी बहन को सारी को घटना बताई, जिसने मां को सूचित किया। इसके बाद अमर कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज हुई। ट्रायल कोर्ट (अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, साकेत) ने 18 दिसंबर 2021 को जाहिद को दोषी ठहराया और 3 मई 2023 को सजा सुनाई। अदालत ने माना कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म हुआ है। डीएनए सबूतों से आरोपी की संलिप्तता साबित हुई। हालांकि, ट्रायल के दौरान पीड़िता, मां और बहन मुकर गईं और किसी अन्य व्यक्ति को आरोपी बताया, लेकिन अदालत ने इसे दबाव का नतीजा माना।

### पूर्व विधायक का बेटा मनजीत खरब दुष्कर्म मामले में बरी

तीस हजारी कोर्ट ने पूर्व विधायक रणबीर सिंह खरब के बेटे मनजीत खरब को बलात्कार और धमकी के एक मामले में बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में विफल रहा। यह फैसला 23 दिसंबर 2025 को सुनाया गया, जिसमें न्यायाधीश विशाल पहुजा ने मनजीत को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया।
मामला 2020 का है, जब पश्चिम विहार वेस्ट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया था कि मनजीत ने फेसबुक पर उनसे दोस्ती की और शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। अदालत ने अभियोजन के सबूतों में विरोधाभास पाया और मनजीत को बरी कर दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने साइबर ठगी के एक पुराने मामले में आरोपी मोहम्मद गुलाम अंसारी को दोषी ठहराया है। यह ठगी साल 2012 में फर्जी आरबीआई ईमेल से हुई थी, जिसमें देशभर के लोगों से लाखों रुपये ठगे गए। अंसारी ने खुद कोर्ट में अपना गुनाह कबूल कर लिया था। कोर्ट ने उसे जेल की सजा के बजाय पहले से काटी गई हिरासत की अवधि को सजा माना।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने इंफ्लुएंसर संदीपा विर्क को दी जमानत

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस संदीपा विर्क को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जमानत दी है। यह मामला लगभग 6 करोड़ रुपये की ठगी और फर्जी ब्यूटी प्रोडक्ट्स बेचने से जुड़ा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच ने यह फैसला सुनाया। 2016 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ी हैं, जो पंजाब पुलिस में धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोपों के तहत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मुख्य आरोपी अमित गुप्ता और संदीपा विर्क सहित अन्य लोगों ने उन्हें फिल्म में लीड रोल देने के बहाने करीब 6 करोड़ रुपये की ठगी की।

## इनोवा की टक्कर से स्विफ्ट कार चालक हुआ चोटिल

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**




इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वसुंधरा रेड लाइट के पास एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दी। हादसे में स्विफ्ट कार चालक को गंभीर चोट आई है। मामले में घायल व्यक्ति के बहनोई ने इनोवा कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।
मूलरूप से फर्रुखाबाद के रुदायन निवासी अंकित सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात दिसंबर की देर रात वह अपने साले के साथ अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से मोहन नगर जा रहे थे। रास्ते में वसुंधरा रेड लाइट पर जैसे ही वह अपनी कार मोड़ने लगे तभी पीछे से आ रही एक इनोवा कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उनके साले कार के भीतर बेहोश हो गए। मौके पर जुटे राहगीरों ने उन्हें जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से वह उन्हें बरेली के अस्पताल ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने मामले में 28 दिसंबर को पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।




## क्रेन की टक्कर से स्कूटी सवार दो भाई घायल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** मसूरी थाना क्षेत्र में स्कूटी से जा रहे दो सगे भाई तेज रफ्तार क्रेन की टक्कर से घायल हो गए। एक भाई क्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कई अस्पताल के बाद दिल्ली एम्स में रैफर कर दिया गया। हादसे को लेकर मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।
मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र स्थित संजयनगर के वसंत कुंज निवासी अंकित कौशिक ने मसूरी थाने में अज्ञात क्रेन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अंकित कौशिक के मुताबिक वह 25 दिसंबर को अपने बड़े भाई आशीष के साथ स्कूटी पर हापुड़ से घर लौट रहे थे। जब वह दोनों मसूरी थाना क्षेत्र में मसूरी फ्लाईओवर से आगे बंबे पर पहुंचे तभी पीछे से आई तेज रफ्तार क्रेन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह दूर जाकर गिरे, जबकि उनका भाई क्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे पहले सीएचसी डासना और बाद में जिला अस्पताल, वहां से उसे रेफर करने के बाद सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर एम्स के लिए रैफर कर दिया गया। एम्स में वह वेंटीलेटर पर है। कार्यवाहक एसीपी मसूरी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि वाहन को ट्रेस किया जा रहा है।

## 80,000 नए मतदाताओं ने सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया आवेदन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में अब मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य चल रहा है। अभी तक जिले में लगभग 80,000 नए मतदाताओं ने आवेदन किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के तहत अभी लगातार नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य चलता रहेगा। जिले में गणना कार्य पूरा कर लिया गया है। अब 31 दिसंबर को अंतरिम सूची जारी की जाएगी। इस दौरान 30 जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। सूची में किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से हट गया हो या किसी का नाम इसमें शामिल नहीं हो पाया हो तो फॉर्म-6 भरकर उनका नाम सूची में दर्ज करा सकते हैं।

## महिला पत्रकार को ट्रक से कुचलकर मारने के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** लिंक रोड थाना क्षेत्र में महिला पत्रकार संजना तिवारी को ट्रक से कुचलकर मारने के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गंभीर रूप से घायल पत्रकार का वर्तमान में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पत्रकार के पिता ने बताया कि बेटी के उपचार में व्यस्त होने के कारण वह पुलिस को समय पर तहरीर नहीं दे सके थे।
संजना वसुंधरा में संवाद न्यूज एजेंसी की पत्रकार हैं। दिल्ली के न्यू सीलमपुर निवासी दीनानाथ तिवारी ने बताया कि उनकी बेटी संजना पांच दिसंबर को घर से स्कूटी से निकली थी। वह जब लिंकरोड पर पहुंची तो आरोपित ट्रक चालक साइड में चल रहा था। उसने पहले स्कूटी में टक्कर मारी और फिर संजना को जान से मारने की नीयत से कुचलकर भागने लगा। पास में ही मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायल पत्रकार को नरेंद्र मोहन अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उन्हें दिल्ली के ही एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया।

## शहर में पालतू बिल्लियों की संख्या 2500, रजिस्ट्रेशन सिर्फ 200 रुपये



**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

शहर में पालतू बिल्लियों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन पंजीकरण प्रक्रिया की रफ्तार नहीं बढ़ी है। पेट शॉप चलाने वाले कारोबारियों की मानें तो शहर में लगभग 2500 पालतू बिल्लियां हैं। वहीं नगर निगम में महज 200 बिल्लियों का ही पंजीकरण है।
शहर में पालतू पशुओं का कारोबार करने वाले अनिल मलिक ने बताया कि पिछले कुछ सालों में लोगों में कुत्तों के साथ ही बिल्लियों को भी पालने का शौक बढ़ा है। खासकर महिलाएं और युवतियां कुत्तों की अपेक्षा बिल्लियों को पालने में अधिक रुचि दिखा रही हैं। इनमें बॉम्बे कैट, हिमालयन, सियामी, मेनकून, पार्शियन बिल्लियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक हिमालयन बिल्ली की कीमत 35000 हजार रुपये है। इनका खानपान और रहन-सहन अलग होता है। साथ ही मौसम के अनुसार रखरखाव करना होता है। इसमें रोजाना एक हजार रुपये खर्च आता है। अगर इनकी देखरेख में कमी हो जाती है तो तबीयत बिगड़ जाती है। ऐसे में इनके वैक्सिनेशन समेत अन्य कार्यों को समय से पूरा कराना पड़ता है।

### निगम की ओर से चलेगा विशेष अभियान

उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि पालतू कुत्तों के साथ-साथ निगम की ओर से अब पालतू बिल्लियों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सोसायटियों और कॉलोनियों में निगम की टीम सर्वे करके पालतू बिल्लियों के पंजीकरण को बढ़ाने के लिए कार्य करेगी।

### नंदी पार्क गोशाला का होगा विस्तार, रखीं जाएंगी 500 से अधिक गायें

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** निगम की ओर से नंदी पार्क गोशाला की क्षमता बढ़ाने के लिए तेजी से तैयारी की जा रही है। नंदी पार्क की क्षमता बढ़ने से यहां रहने वाली गायों की संख्या बढ़ जाएगी। यहां गोशाला में करीब 1800 गोवंश हैं, वहीं 500 और रखने की व्यवस्था की जाएगी। इसके विस्तार के लिए नगर निगम की ओर से तैयारी की जा रही है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि नंदी पार्क के पास लगभग तीन एकड़ जमीन खाली है जिसकी बाउंड्रीवॉल पहले ही तैयार की जा चुकी है। अब इसी जगह गोशाला का विस्तार किया जाएगा। नंदी पार्क के विस्तार के लिए उसके बगल वाली खाली जमीन पर एक नई गोशाला बनाई जाएगी। इसमें गोवंशों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा जा सकेगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विभाग की ओर से सिर्फ तकनीकी पक्षों की जांच की जा रही है। इस परियोजना पर करीब साढ़े सात करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। बता दें कि नगर निगम की गाड़ियां रोजाना सड़कों से बेसहारा गोवंश को पकड़कर गोशाला ला रही हैं।

## स्कूल और खेल परिसरों में लावारिस कुत्तों के प्रवेश पर रोक के निर्देश, आयोजित होंगे जागरूकता सत्र

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**



शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों और खेल परिसरों में लावारिस कुत्तों के प्रवेश रोकने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। इसमें सुरक्षा संबंधी नियम उठाने से लेकर छात्रों और कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा। वहीं निदेशालय ने शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपे जाने की प्रकाशित खबर को भ्रामक बताया और स्पष्ट किया कि इस तरह के कोई निर्देश जारी नहीं किए हैं।
निदेशालय के अनुसार स्कूल चारदीवारी, गेट और फेंसिंग को मजबूत करेंगे। प्रत्येक संस्थान में नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा। जिसकी जानकारी प्रवेश द्वार पर प्रदर्शित करनी होगी। जीवों के व्यवहार को लेकर छात्रों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित और मामले को रिपोर्ट करना होगा। लावारिस कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए 24 घंटे सातों दिन सुरक्षाकर्मियों को तैनात करना होगा। साथ ही स्टेडियम और स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में यह व्यवस्था रहेगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# भारत में वर्ष 2024-25 में हुए रिकॉर्ड 5.5 लाख से ज्यादा ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन : पीयूष गोयल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।

वर्ष 2024-25 के दौरान भारत में 5.5 लाख से ज्यादा घरेलू ट्रेडमार्क आवेदन दर्ज किए गए, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने और नए विचार लाने वाले लोगों के साथ ही रचनाकारों के हितों की रक्षा करने में देश की संस्थाओं की मजबूती को दर्शाता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यह जानकारी साझा की।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे हआईडिएट इन इंडिया, इनोवेट इन इंडिया, मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्डह्न का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 पिछले 26 वर्षों से नवाचार करने वालों की सुरक्षा का मजबूत आधार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लगातार प्रयासों से भारत का इनोवेशन सिस्टम मजबूत हुआ है। इससे भारत की पहचान वैश्विक बौद्धिक संपदा यानी



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे आईडिएट इन इंडिया, इनोवेट इन इंडिया, मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 पिछले 26 वर्षों से नवाचार करने वालों की सुरक्षा का मजबूत आधार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लगातार प्रयासों से भारत का इनोवेशन सिस्टम मजबूत हुआ है।

ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (आईपी) क्षेत्र में और बेहतर हुई है और इससे भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को फायदा मिल रहा है।

पीयूष गोयल ने बताया कि सबसे ज्यादा ट्रेडमार्क दवाइयों, पशु चिकित्सा और स्वच्छता से जुड़े उत्पादों में दर्ज किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि नीतिगत सुधार, डिजिटलीकरण और नए कदमों की वजह से भारत की स्थिति वैश्विक आईपी प्रणाली में लगातार मजबूत हो रही है। ट्रेडमार्क अधिनियम ऐसा कानून है, जो कंपनियों और व्यापारियों की ब्रांड पहचान को चोरी या नकल से बचाता है। इससे बाजार में न्यायपूर्ण प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा मिलता है। इस कानून में समय-समय पर बदलाव किए गए हैं, ताकि यह बदलते वैश्विक व्यापार और आधुनिक जरूरतों के अनुसार बना रहे।

जब कंपनियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करती हैं, तब ट्रेडमार्क की सुरक्षा और ज्यादा जरूरी हो जाती है। ऐसे में यह कानून इस बात का भी ध्यान रखता है, ताकि कंपनियों को सही सुरक्षा मिल सके। एक बार ट्रेडमार्क 10 साल के लिए पंजीकृत होता है और इसके बाद इसे हर 10 साल में नवीनीकृत किया जा सकता है। अगर कोई ट्रेडमार्क बहुत सामान्य हो, गलत जानकारी देता हो या पहले से मौजूद ट्रेडमार्क से बहुत मिलता-जुलता हो, तो उसे मंजूरी नहीं मिलती। इस कानून के तहत ट्रेडमार्क को किसी और को बेचा या लाइसेंस पर दिया भी जा सकता है। अगर कोई ट्रेडमार्क की नकल करता है, तो उसके खिलाफ जुर्माना, नुकसान की भरपाई और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद, बैंकिंग शेयरों में तेजी

» मुंबई, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में सपाट बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 20.46 अंक की गिरावट के साथ 84,675.08 और निफ्टी 3.25 अंक की कमजोरी के साथ 25,938.85 पर था।

बाजार को संभालने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,171.25 पर बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, पीएसयू बैंक और मेटल शेयरों में तेजी देखी गई।

दूसरी तरफ आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुआ।

स्मॉलकैप और मिडकैप में भी हल्की गिरावट के साथ कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.15 प्रतिशत या 87.05 अंक की गिरावट के साथ 59,914.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.28 प्रतिशत या 48.75 अंक की कमजोरी के साथ 17,518.95 पर बंद बुआ।



सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारतीय एयरटेल, एसबीआई, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), इंडिगो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट लूजर्स थे।

व्यापक बाजार में कमजोरी बनी हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,918 शेयर हरे निशान में; 2,260 शेयर लाल निशान में और 169 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक दिन में 21 हजार रुपए तक टूटा चांदी का भाव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** चांदी की कीमतों में सोमवार को जबरदस्त अस्थिरता देखने को मिली। सुबह के कारोबार में चांदी 10 हजार रुपये प्रति किलो तक मजबूत हुई, लेकिन शाम होते-होते इसमें करीब 21 हजार रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक रूस और यूक्रेन के बीच सुलह की खबरों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव बना, जिसका असर घरेलू कीमतों पर भी पड़ा। देश के अलग-अलग शहरों में चांदी के दाम अलग-अलग स्तर पर रहे। पटना में चांदी 2,33,630 प्रति किलो रही, जबकि जयपुर में 2,33,730 का भाव दर्ज किया गया।

### अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। मुनाफावसूली के कारण अमेरिका में गिरावट आई। इससे साल के आखिरी हफ्ते की शुरूआत धीमी रही। बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के शेयरों में पिछले हफ्ते की बढ़त के बाद गिरावट आई। इस तेजी ने एसएंडपी 500 इंडेक्स को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया था। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर ने एसएंडपी 500 पर दबाव डाला। ज्यादातर टेक और एआई से जुड़े शेयरों में गिरावट आई। कारोबार के अंत में कल एसएंडपी 500 इंडेक्स 24.20 अंक गिरकर 6,905.74 पर बंद हुआ और नेस्डेक कम्पो▪जिट 118.75 अंक गिरकर 23,474.35 पर बंद हुआ। डाओ जोन्स 249.04 अंक गिरकर 48,461.93 पर बंद हुआ।

### गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी का आईपीओ शेयर बाजार में लिस्ट

**मुंबई, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**
मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थकेयर सर्विस प्रोवाइडर, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी, का शेयर मंगलवार को आईपीओ पूरा होने के बाद शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 120 रुपये प्रति शेयर और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 120.75 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुए। यह इश्यू प्राइस के मुकाबले क्रमशः 5.3 और 6 फीसदी का प्रीमियम दर्शाता है। ग्रे मार्केट में लिस्टिंग के पहले अनलिस्टेड शेयर लगभग 115.5 रुपये पर कारोबार कर रहे थे.

# केंद्रीय बजट की तैयारियां हुई तेज, पीएम मोदी करेंगे देश के शीर्ष अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से चर्चा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।

केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मुलाकात करने वाले हैं। इस बैठक में वह बजट को लेकर उनकी राय और सुझाव जानेंगे।

यह बैठक सरकार द्वारा बजट से पहले की जा रही चर्चाओं का हिस्सा है। इसमें अर्थशास्त्रियों और अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों के अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम और अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं।

इस बैठक का उद्देश्य देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विशेषज्ञों के विचार जानना है, ताकि सरकार सही आर्थिक फैसले ले सके।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



आगामी 1 फरवरी को बजट पेश कर सकती हैं। यह बजट ऐसे समय में आएगा, जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दे मौजूद हैं।

बजट की तैयारी के लिए वित्त मंत्री पहले ही कई अर्थशास्त्रियों, ट्रेड यूनियनों और श्रमिक संगठनों से चर्चा कर चुकी हैं। ये बैठकें हर साल बजट से पहले की जाती हैं।

हाल के दिनों में सरकार ने बैंकिंग, होटल, आईटी और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की है। इसके अलावा कृषि, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विकास को बढ़ावा देने और रोजगार व आमदनी बढ़ाने पर भी चर्चा की गई है। इसी बीच, देश के बड़े उद्योग संगठन सीआईआई (कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) ने बजट 2026-27 के लिए चार मुख्य सुझाव दिए हैं। इनमें कर्ज को नियंत्रित रखना, सरकारी खर्च में पारदर्शिता, ज्यादा राजस्व जुटाना और खर्च को सही तरीके से करना शामिल है। सीआईआई के अनुसार, सरकार का लक्ष्य है कि वित्त वर्ष 2031 तक देश का कर्ज जीडीपी के करीब 50 प्रतिशत तक रखा जाए।

### भारत का घरेलू एयर ट्रैफिक नवंबर में 7 प्रतिशत बढ़ा, इंडिगो का मार्केट शेयर गिरा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**
भारत का घरेलू एयर ट्रैफिक नवंबर 2025 में सालाना आधार पर 7 प्रतिशत बढ़कर 15.2 मिलियन तक पहुंच गया है। इसमें बढ़ोतरी की वजह फेस्टिव सीजन की मांग होना है। यह जानकारी मंगलवार को एक रिपोर्ट में दी गई। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया कि इंडिगो की उड़ानों में आई परेशानी के बाद दिसंबर 2025 के मध्य में ऑपरेशन सामान्य हो गए थे। हालांकि, मौसमी कारणों ने ऑन-टाइम परफॉर्मेंश (ओटीपी) और कैंसिलेशन पर दबाव बनाया है। हालांकि, दिसंबर 2025 तक के डेली ट्रेंड से पता चलता है कि साल-दर-साल आधार पर वृद्धि दर सपाट रही है.

# ओप्पो रेनो 15 प्रो मिनी भारत में पेश

## २०० एमपी कैमरा और ६२००एमएएच बैटरी के साथ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।

ओप्पो अपने रैनो 15 सीरीज के तहत रेनो 15 प्रो मिनी को भारत में लॉन्च करने जा रहा है। एक लीक रिपोर्ट्स के अनुसार यह स्मार्टफोन मिनी फॉर्म फैक्टर में पेश होगा, लेकिन इसमें प्रो-लेवल फीचर्स शामिल होंगे। फोन में 200एमपी का प्राइमरी कैमरा, मीडियाटेक डिमेनसिटी 8450 चिपसेट और 6200एमएएच की बड़ी बैटरी दी जा सकती है। डिस्प्ले की बात करें तो इसमें 6.32-इंच 120एचजेड एमोएईडी स्क्रीन होगी, जो स्मूद विजुअल अनुभव और तेज रिफ्रेश रेट देगा। फोन की आउटडोर विजिबिलिटी 1400 निट्स की पीक ब्राइटनेस के कारण बेहतर रहेगी और आईपी66/68/69 रेटिंग इसे पानी, धूल और छींटों से सुरक्षित रखेगी।

भारत में रेनो 15 प्रो मिनी के 12जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट की अनुमानित बॉक्स कीमत 64,999 रुपये बताई जा रही है, जबकि सेलिंग प्राइस ऑफर्स और बैंक डिस्काउंट के साथ 59,999 रुपये तक रह सकती है। फोन में 4एनएम मीडियाटेक डिमेनसिटी



8450 प्रोसेसर लगेगा, जो बेहतर सीपीयू और जीपीयू परफॉर्मेंस प्रदान करेगा। डिस्प्ले को गोरिल्ला ग्लास 7आई प्रोटेक्शन के साथ पेश किया जा सकता है, जिससे यह स्क्रैच और गिरावट से सुरक्षित रहेगा।

रेनो 15 प्रो मिनी का कैमरा सिस्टम इसकी सबसे बड़ी विशेषता माना जा रहा है। 200एमपी के प्राइमरी सेंसर के साथ 50एमपी अल्ट्रा-वाईड और 50एमपी टेलीफोन लेंस मिल सकते हैं। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 50एमपी फ्रंट कैमरा भी दिया जाएगा। 6200एमएएच की बैटरी पूरे दिन का बैकअप देगी और 80डब्ल्यू वायर्ड फास्ट चार्जिंग के साथ चार्जिंग अनुभव तेज होगा। फोन 5जी, ब्लूटूथ 5.4, वाई-फाई, जीपीएस और एनएफसी सपोर्ट के साथ आएगा।

# टीवीएस रोनिन बनी डिमांड की नई मिसाल

## बिक्री में 140फीसदी उछाल के साथ निकली नंबर-1

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।

भारतीय दोपहिया बाजार में टीवीएस मोटर कंपनी के वाहनों को हमेशा अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। नवंबर 2025 की बिक्री के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं। जहां टीवीएस जूपिटर स्कूटर बिक्री के मामले में टॉप पर रही, वहीं डिमांड के लिहाज से टीवीएस रोनिन ने सभी मॉडलों को पीछे छोड़ दिया। नवंबर में रोनिन को 7,653 नए ग्राहक मिले, जो सालाना आधार पर 139 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्शाता है। टीवीएस रोनिन की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे इसका अनोखा



डिजाइन और दमदार फीचर्स बड़ी वजह माने जा रहे हैं। इस बाइक में रेट्रो और मॉडर्न स्टाइल का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। गोल एलईडी हेडलैंप, चौड़ा फ्यूल टैंक और आकर्षक बॉडी ग्राफिक्स इसे प्रीमियम लुक देते हैं।

# थार रॉक्स में नए डीजल इंजन की एंट्री के संकेत, कीमत कम होने की उम्मीद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा देश की प्रमुख एसयूव्ही निर्माता कंपनियों में शामिल हो चुकी है। स्कॉर्पियो, थार और हाल ही में लॉन्च हुई थार रॉक्स की मजबूत मांग ने कंपनी की लगातार मजबूती दी है। महिंद्रा अपने पोर्टफोलियो को समय-समय पर अपडेट करती रही है और इसी कड़ी में अब थार रॉक्स के नए वर्जन की टेस्टिंग शुरू होने के संकेत मिले हैं। हाल ही में सामने आई स्पाई तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि कंपनी इस एसयूव्ही में नया डीजल पावरट्रेन पेश कर सकती है। ऑटो एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 2026 महिंद्रा थार रॉक्स की जो टेस्ट म्यूल्स देखी गई हैं, वे किसी नए वैरिएंट की ओर इशारा करती हैं। महिंद्रा का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि वह किसी मॉडल के लाइफ-साइकल के दौरान नए इंजन और वैरिएंट जोड़ती रही है।

# रेलवे ट्रैक पर बैठकर रूठी पत्नी को किया फोन, फिर ट्रेन की चपेट में आने से मौत

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।



कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में ममेरे भाई से मिलने आए मेरठ के युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर रूठी हुई पत्नी को फोन किया। उसके घर नहीं लौटने पर आत्महत्या करने की बात कही। इसके बाद ट्रेन की चपेट में आ गया।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मृतक की पहचान अब्दुल रहमान (25) पुत्र मो. अकलीन निवासी लोहिया नगर, मेरठ के रूप में हुई है। उसके ममेरे भाई साहबुद्दीन ने बताया कि वह कविनगर में एक फैक्टरी में वेल्डिंग करते हैं। सोमवार सुबह करीब नौ बजे अब्दुल उनके पास पहुंचा और काम दिलाने के लिए कहा। फिर वह कुछ देर बाद आने की बात कहकर चला गया।

करीब एक घंटे बाद मेरठ से अब्दुल के पिता का फोन आया। उन्होंने बताया कि अब्दुल विवेकानंद नगर स्थित रेलवे ट्रैक पर बैठा है। वह फोन पर पत्नी से आत्महत्या करने की बात कह रहा है। साहबुद्दीन भाई को तलाशते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो वहां उसका क्षत-विक्षत शव मिला। एसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### निकाह के सात माह बाद छोड़कर चली गई थी पत्नी

साहबुद्दीन ने बताया कि अब्दुल का निकाह दो वर्ष पहले हुआ था। शादी के सात माह बाद ही पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। दोनों की काउंसलिंग हुई और वर्तमान में मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पत्नी के नहीं आने से अब्दुल परेशान रहता था।

# शोध में हुआ खुलासा: अरावली में खनन से दिल्ली के भूजल की गुणवत्ता बेहद खराब, स्वास्थ्य पर संकट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।



राजधानी की बढ़ती जल-समस्या केवल कमी तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी गुणवत्ता गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। राजधानी के भूजल में घुलता जहर आने वाले वर्षों के लिए एक खतरनाक संकेत दे रहा है। अरावली पहाड़ियों में हो रहे खनन गतिविधियों को मौजूदा समय में दिल्ली के भूजल को प्रदूषित करने वाले प्रमुख कारकों में सामने आ रही हैं। यह खुलासा नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के हालिया अध्ययन में हुआ है। अध्ययन के अनुसार, केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित एक हालिया वैज्ञानिक अध्ययन ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अध्ययन में जल गुणवत्ता सूचकांक (डब्ल्यूक्यूआई) के जरिये यह आकलन किया गया कि दिल्ली के अधिकांश इलाकों में भूजल की स्थिति ह्यखराब से लेकर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच चुकी है। 2.15 से 94.03 तक पाए गए डब्ल्यूक्यूआई मान इस बात की ओर इशारा करते हैं कि राजधानी के बड़े हिस्से में भूजल पीने योग्य नहीं रहा।

**खनन से अरावली के रिसाव मार्ग बाधित हो रहे :** अध्ययन करने वाले विशेषज्ञ अब्दुल गनी और श्रेय पाठक का कहना है कि अरावली की चट्टानें भूजल रिचार्ज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन खनन से रिसाव मार्ग बाधित हो रहे हैं, जिससे प्रदूषक भूजल में घुल रहे हैं। अध्ययन में स्थायी खनन, भूजल प्रबंधन और पुनर्भरण परियोजनाओं की तत्काल जरूरत पर जोर दिया गया है।

नई परिभाषा के बाद दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक अरावली पहाड़ियों के अवैध खनन की आशंका से खत्म होने की लोगों की चिंता के चलते सुप्रीम कोर्ट को अपना फैसला बदलना पड़ा। स्थानीय लोग और पर्यावरणविद इस आधार पर इसका विरोध कर रहे थे कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली 12081 पहाड़ियों में से केवल 1048 ही 100 मीटर की नई परिभाषा के दायरे में आती हैं।

### कुल जोखिम सूचकांक अधिक

अध्ययन में भारी धातुओं के प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य जोखिम मूल्यांकन (एचएचआरए) भी किया गया, जिसमें अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) मॉडल का उपयोग हुआ। इसके परिणाम बेहद चिंताजनक हैं। कुल जोखिम सूचकांक (टीएचआई) शिशुओं के लिए 0.86 से 49.25, बच्चों के लिए 0.39 से 33.62, किशोरों के लिए 0.18 से 15.71 और वयस्कों के लिए 0.16 से 13.72 तक रहा। अंतर्ग्रहण (पीने) और त्वचीय संपर्क दोनों से स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा हुआ है, जिसमें कैंसर का खतरा भी शामिल है। भू-स्थानिक मानचित्रण से पता चला कि प्रदूषण के हॉटस्पॉट अरावली के खनन क्षेत्रों, भूवैज्ञानिक कमजोरियों से जुड़े हैं।

# सरकार के इशारे पर कंपनियां छीन रहीं किसानों की जमीन: राकेश टिकैत

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।



ग्रामीणों को कट मिले, वहां मिट्टी भराव किया जाए और जो मुआवजे की समस्या है, उसका भी हल निकले। किसान तय करें कि कब महापंचायत होगी। वह इसमें पहुंचेंगे और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होंगे।

सरकार के इशारे पर कंपनियां किसानों की जमीन छीन रही हैं। जो किसान जमीन देने के लिए राजी नहीं है, उनपर दबाव बनाया जा रहा है। यदि एकजुट नहीं हुए तो अपनी ही जमीन में किसानों को मजदूरी करनी पड़ेगी। बिना आंदोलन के अपना हक मिलना आज के समय में संभव नहीं है। इसलिए जरूरी है कि किसान घरों से निकलें, तभी सरकार बात सुन सकती है। अपना अस्तित्व बचाने का आंदोलन ही एक मात्र रास्ता है।

यह बात भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने वेवसिटी स्थित एनके फॉर्म हाउस में सोमवार को आयोजित सदस्यता समारोह में कही। उन्होंने भोजपुर के पास तलहैटा में चल रहे किसानों के धरने की वकालत की। कहा कि किसानों को पीछे हटने की जरूरत नहीं है। ग्रामीणों को कट मिले, वहां मिट्टी भराव किया जाए और जो मुआवजे की समस्या है, उसका भी हल निकले। किसान तय करें कि कब महापंचायत होगी। वह इसमें पहुंचेंगे और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होंगे। इस दौरान राकेश टिकैत ने किसान नेता नवतेष चौधरी व उनके समर्थकों को संगठन की सदस्यता दिलाई। राकेश टिकैत ने सभी का संगठन में स्वागत किया और मिलकर किसान हित में काम करने की अपील की। इस मौके पर भाकियू के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चौधरी, ओमपाल सिंह, जयकुमार मलिक, छोटे चौधरी, रामकुमार चौधरी, रामअवतार त्यागी, सतेंद्र तेवतिया, विकास चौधरी, राजीव मलिक, भूपेंद्र चौधरी आदि अनेक लोग मौजूद रहे। किसान नेताओं ने राकेश टिकैत का भव्य स्वागत किया।

# पत्नी पर चाकू से हमला करने वाला पति गिरफ्तार, चाकू बरामद

» नोएडा, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।



नोएडा के थाना फेस-1 क्षेत्र में घरेलू विवाद ने एक बार फिर खौफनाक रूप ले लिया। पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पति को थाना फेस-1 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्टेंसिल चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस की इस कार्रवाई को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से अंजाम दिया गया। थाना फेस-1 पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को पुलिस टीम ने सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त प्रवीन कुमार उर्फ पिन्टू को सेक्टर-10 स्थित बिजली घर पार्क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रवीन कुमार उर्फ पिन्टू (32), पुत्र इन्द्रदेव प्रसाद, निवासी जेजे कॉलोनी, सेक्टर-10, थाना फेस-1, गौतमबुद्ध नगर के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी पत्नी से घरेलू बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। आरोपी के मुताबिक, दिनांक 27 दिसंबर को भी उसकी पत्नी उससे झगड़ा कर रही थी। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर उसने अपने पास रखे चाकू से पत्नी पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के इरादे से पेट्रोल से चाकू को धोया और मौके से फरार हो गया।

# दिल्ली के आउटर इलाकों से 9 जुआरी पकड़े गए, हजारों रुपए कैश बरामद



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** दिल्ली के आउटर जिला पुलिस ने संगठित अपराध और अवैध जुए के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग इलाकों से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में हजारों रुपए नकद और जुए से जुड़ा सामान बरामद किया गया। पुलिस ने दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कुल 5 मामले दर्ज किए हैं।

\पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आउटर जिला के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में तैनात फील्ड स्टाफ को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए थे। खास तौर पर संगठित अपराध, अवैध सट्टा और जुआ गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया था। इसी सतर्कता का नतीजा यह कार्रवाई है। इसी कड़ी में 28 दिसंबर को राज पार्क थाने के हेड कॉन्स्टेबल प्रेम और हेड कॉन्स्टेबल योगेश रात में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें मंगोलपुरी के नवरिया पार्क में अवैध जुए की सूचना मिली। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन तत्परता दिखाते हुए दो लोगों को मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान हजारों रुपए नकद और जुए से जुड़ा सामान बरामद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बन 30 लाख की ठगी में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** मुंबई क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बनकर 30 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रियासत खान यूपी बरेली का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि इसने अपना बैंक खाता ठगों को दे रखा था और इसके खाते में ठगी के 5 लाख रुपये आये थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी चाय की दुकान चलाता है। इसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत एनआईटी इलाके की रहने वाली महिला ने दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 16 जून 2025 को उनके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। आरोपी ने कहा कि आपको गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके बाद एक अन्य नंबर से पुलिस ऑफिसर की वीडियो कॉल महिला को आई और कहा कि शिकायतकर्ता जेट एयरवेज मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी है और उसे हाउस अरेस्ट किया गया है। आरोपी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के ऑर्डर उसके पास भेज देंगे। बाद में महिला को कहा गया कि आपको इस केस में 6.80 करोड़ रुपये देने होंगे। महिला को कहा गया कि आपके केस की प्रोसीडिंग्स व्हाट्सएप के माध्यम से वीडियो कॉल पर ही की जाएगी, जहां पर उसके सीनियर ऑफिसर और जज साहब उससे बात करेंगे। आरोपी ने कहा कि इस बारे में न तो किसी को बताना है और न ही घर से बाहर जाना है। इसके बाद ठग ने केस के निपटारे के लिए 50 लाख रुपये की मांग की।

### 3.60 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** क्रिप्टो करंसी में निवेश के बहाने 3.60 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रवीण राजस्थान जयपुर का रहने वाला है। इससे पूछताछ में सामने आया कि वह ठगी के रुपयों को यूएसडीटी में बदल कर आगे साइबर ठगों के पास भेजता था। आरोपी बीएससी पास करने के बाद बतौर प्रॉपर्टी डीलर काम करता है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 8 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत बल्लभगढ़ इलाके के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि वह वॉलस्ट्रीट नाम से एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़े थे।

# साइबर ठगों ने 6 लोगों से ठग लिए 4 .96 लाख रुपये

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।



साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 6 लोगों से 4.96 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में 25 साल की युवती भी शामिल है। आरोपियों ने परिचित बनकर, लोन दिलाने के नाम पर, पानी बिल अपडेट करने समेत अन्य बहानों से ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पहले मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत एनआईटी इलाके की रहने वाली 25 साल की युवती ने दी है। युवती का आरोप है कि 25 सितंबर को ठग ने परिचित बनकर संपर्क किया। आरोपी ने रुपये ट्रांसफर का फर्जी मैसेज भेजकर युवती से 18 हजार रुपये ठग लिए। बाद में पता चला कि खाते में तो रुपये आए ही नहीं।

दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत एनआईटी इलाके के रहने वाले राजू ने दी है। इनका कहना है कि 25 सितंबर को ठग ने ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर इनसे 30 हजार रुपये ठग लिए। रुपये ट्रांसफर कराने के बाद इन्हें ऑर्डर किया गया सामान भी नहीं मिला।

तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत संतोष कुमार ने दी है। आरोप है कि इनके परिचित के साथ नवंबर महीने में ठगी हुई। आरोपी है कि ठगों ने धोखे से 55 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

चौथे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेंट्रल इलाके के रहने वाले व्यक्ति ने दी है। इनका आरोप है कि 18 दिसंबर को ठग ने बैंककर्मी बनकर संपर्क किया और लोन दिलाने का दावा किया। आरोपी ने बहाने से डिटेल लेकर इनके बैंक खाते से ही 2.97 लाख रुपये ठग लिए।

पांचवें मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत बुजुर्ग देवप्रकाश ने दी है। इनका कहना है कि 11 दिसंबर को ठगों ने पानी का बिल अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल भेजी। ये खोलते ही मोबाइल हैक हो गया और बाद में इनके खाते से 31472 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए।

# साइबर ठगों ने 6 लोगों से ठग लिए 4.96 लाख रुपये




**मेलबर्न, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को उम्मीद है कि अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टी20 विश्वकप तक पूरी तरफ से फिट हो जाएंगे। मैकडोनाल्ड के अनुसार ये दोनो ही काफी अच्छे खिलाड़ी हैं और इन्हें हर हाल में टीम में शामिल किये जाने का प्रयास किया जाएगा। कोच के अनुसार भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्वकप में ये दोनो ही खिलाड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्वकप में 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। वहीं इससे पहले टीम जनवरी में पाकिस्तान में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलकर लय हासिल करने का प्रयास करेंगी, इसमें कमिंस और जोश नहीं रहेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में कमिंस का एक और स्कैन होगा, जिसके बाद विश्व कप में उनके खेलने पर अंतिम फैसला होगा। टी20 विश्व कप 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। मैकडोनाल्ड ने कहा, कमिंस का चार हफ्तों में एक और स्कैन होगा, जिससे हमें विश्वकप के लिए उनकी फिटनेस को लेकर सही स्थिति के बारे में पता चल जाएगा। उन्हें हालांकि 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया जाएगा, और फिर हमें पता चलेगा कि उनकी स्थिति कैसी है। गौरतब है कि कमिंस को जुलाई में पीठ में खिंचाव आया था जिसके बाद से ही कमिंस ने केवल एक ही मैच खेला है। वहीं कमिंस अभी चोट से उबरने के लिए रिहैब पर जोर दे रहे हैं। एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट में उन्होंने खेला था जिसमें उन्हें 6 विकेट मिले थे। इसके बाद उन्हें आराम दे दिया गया ताकि वह विश्वकप कप पूरी तरह से तरोताजा हो सकें।

# न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया पर आखिरी टेस्ट विजय दिलाने वाले ऑलराउंडर ने लिया संन्यास

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले मैचों में जोरदार संघर्ष देखने को मिलता है। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड पर पिछले डेढ़ दशक में भारी पड़ी है। न्यूजीलैंड 2011 के बाद से ऑस्ट्रेलिया पर टेस्ट में जीत हासिल नहीं कर पाई है। 2011 में आखिरी बार न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया पर टेस्ट जीत दिलाने वाले ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने डग ब्रेसवेल के क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की जानकारी अपने सोशल मीडिया पेज के माध्यम से दी है।

35 साल के डग ब्रेसवेल ने 2011 में न्यूजीलैंड के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू किया था। उन्होंने जिंबाब्वे के खिलाफ तीनों ही फॉर्मेट में डेब्यू किया था। डग ब्रेसवेल ने अपने करियर का श्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर किया था। 2011 में न्यूजीलैंड दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर थी। ब्रिसबेन में खेले गए पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरा टेस्ट होबार्ट में खेला गया। न्यूजीलैंड ने यह मैच 7 विकेट से जीत कर सीरीज में बराबरी की थी।

इस मैच की पहली पारी में डग ब्रेसवेल ने 3 और दूसरी पारी में 6 विकेट सहित कुल 9 विकेट लेते हुए टीम को 7 रन से जीत दिलाने में यादगार भूमिका निभाई थी। ब्रेसवेल के इस प्रदर्शन का जिक्र न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने एक्स अकाउंट पर किया है और उनके करियर के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

डग ब्रेसवेल का करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वह कई बार टीम से अंदर-बाहर हुआ है। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच, जो टेस्ट था, मार्च 2023 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। 2011 से 2023 के बीच डग ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड की तरफ से 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20 खेले। टेस्ट में 568 रन और 74 विकेट, वनडे में 221 रन और 26 विकेट, और टी20 की 11 पारियों में 126 रन और 20 विकेट उनके नाम दर्ज हैं।






# भारतीय सिनेमा पहले से ज्यादा संवेदनशील और समावेशी हुआ है : वामिका गब्बी

अभिनेत्री वामिका गब्बी का मानना है कि बीते कुछ दशकों में भारतीय सिनेमा में बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। उनके अनुसार, अब दर्शक फिल्मों की बारीकियों को समझने लगे हैं और कहानी कहने को वह सम्मान मिलने लगा है, जिसकी वह लंबे समय से हकदार थी। एक बातचीत में वामिका ने समकालीन सिनेमा की जमकर तारीफ की और कहा कि आज का सिनेमा सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है। वामिका गब्बी ने 21वीं सदी की पहली तिमाही के खत्म होने पर भारतीय सिनेमा के सफर को सराहते हुए कहा कि अब शांत, गहरी और संवेदनशील कहानियां भी दर्शकों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा, ह्वअब ऐसी कहानियां भी जगह बना रही हैं, जिन्हें असर छोड़ने के लिए जोर-जोर से चिल्लाने की जरूरत नहीं पड़ती। मेरे लिए सबसे बड़ी बात यह है कि कहानी कहने को कितनी जगह मिली है। पिछले कुछ दशकों में शांत कहानियों, कमजोर समझे जाने वाले किरदारों और उन भावनाओं को जगह मिली है, जिन्हें व्यक्त करने के लिए ऊंची आवाज जरूरी नहीं होती। अभिनेत्री का मानना है कि आज का भारतीय सिनेमा पहले के मुकाबले ज्यादा समावेशी और संवेदनशील हो गया है। दर्शकों की सोच में आए बदलाव ने सिनेमा को नई दिशा दी है। वामिका के अनुसार, आने वाले समय में यह बदलाव और मजबूत होगा, क्योंकि अब दर्शक सिर्फ भव्यता या शोर-शराबे से प्रभावित नहीं होते, बल्कि गहराई और सच्चाई को भी महत्व देने लगे हैं।



# कृति खरबंदा का डिजिटल अलर्ट

## कोई भी संदिग्ध व्हाट्सऐप नंबर पर भरोसा न करें, सतर्क रहें

आज के समय में सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने हमारे जीवन को बेहद आसान बना दिया है। दोस्तों, परिवार और सेलिब्रिटीज से जुड़ने के लिए लोग इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इस डिजिटल दुनिया में साइबर धोखाधड़ी का खतरा भी हमेशा मौजूद रहता है। इस कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने इस खतरे के प्रति फैंस को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि उनके नाम का फर्जी व्हाट्सऐप अकाउंट बनाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। कृति खरबंदा ने एक चैट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए अपने फैंस को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनके नाम का सहारा लेकर लोगों से संपर्क कर रहा है। अभिनेत्री ने लिखा, यह मेरा नंबर नहीं है। किसी और के नाम से संपर्क करना पहचान की चोरी है। किसी भी संदिग्ध व्हाट्सऐप नंबर पर भरोसा न करें। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें। अभिनेत्री की यह चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है, जब सेलिब्रिटीज और तमाम हस्तियों के नाम पर ऑनलाइन ठगी और झूठी पहचान का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। अक्सर ऐसे फर्जी अकाउंट्स का मकसद लोगों को गुमराह करना, निजी जानकारी हासिल करना या पैसों की ठगी करना होता है।

कृति की पोस्ट पर फैंस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई, तो कईयों ने ऑनलाइन ठगी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की। कृति खरबंदा से पहले, अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने भी ऐसा ही मामला अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करके व्हाट्सएप पर उनकी नकल कर रहा है। अदिति ने अपने नोट में लिखा था, कुछ लोगों ने मुझे बताया कि कोई व्हाट्सएप पर मेरा नाम और मेरी तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है और फोटोग्राफर्स को फोटोशूट के बारे में मैसेज भेज रहा है। मैं बताना चाहती हूं कि यह मैं नहीं हूं। मैं इस तरह संपर्क नहीं करती और मैं काम के लिए किसी निजी नंबर का इस्तेमाल नहीं करती। सब कुछ हमेशा मेरी टीम के जरिए होता है। उन्होंने फैंस और सहयोगियों से अपील की कि इस तरह के किसी भी संदिग्ध मैसेज का जवाब न दें और इस बारे में तुरंत उनकी टीम को सूचित करें। अदिति ने समर्थन के लिए फॉलोअर्स का भी धन्यवाद किया।

# टॉक्सिक में हुमा कुरैशी बनीं एलिजाबेथ, लुक वायरल



कन्नड़ सुपरस्टार यश की मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। कियारा आडवाणी के बाद अब फिल्म से हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक सामने आया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। मेकर्स द्वारा जारी पोस्टर में हुमा ऑल-ब्लैक अवतार में नजर आ रही हैं और उनका लुक रहस्यमयी व खतरनाक लग रहा है।

हुमा फिल्म में एलिजाबेथ नाम का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में ब्लैक कार, कब्रिस्तान जैसा बैकग्राउंड और परी की मूर्ति दिखाई दे रही है, जो फिल्म की डार्क और इंटरनेशनल वाइब को दर्शाता है। मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में एलिजाबेथ के रूप में हुमा कुरैशी। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस लुक को हॉलीवुड लेवल बताया है। कई यूजर्स का मानना है कि हुमा इस किरदार के लिए परफेक्ट चॉइस हैं। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही टॉक्सिक खास इसलिए भी है क्योंकि इसे कन्नड़ और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। फिल्म 19 मार्च 2026 को ईद के मौके पर रिलीज होगी और रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी।

## फटाफट खबरें

### ताइवान सीमा पर चीनी सैन्य अभ्यास, भारी संख्या में चीनी विमान

**ताइपे, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** ताइवान के आसपास के हवाई क्षेत्र और समुद्री क्षेत्र में मंगलवार सुबह तक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 130 विमान, 14 नौसैनिक जहाज और आठ सरकारी जहाज देखे गये हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों में से 90 विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्रों (एडीआईजेड) में प्रवेश कर गये। इन गतिविधियों के मद्देनजर ताइवान के अधिकारियों ने एक आपातकालीन परिचालन केंद्र स्थापित किया है और वे हाई अलर्ट पर हैं। यह ताजा गतिविधि चीन द्वारा सोमवार को शुरू किये गये बड़े पैमाने के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच सामने आई है। जस्टिस मिशन 2025 कोड नाम वाले इस अभ्यास में सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल हैं।

### पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थ से भरे जहाज पर अमेरिकी हमले में दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** अमेरिकी सेना ने सोमवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में एक जहाज पर हमला किया, जिसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने दी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर, अमेरिकी संयुक्त टास्क फोर्स सदर्न स्पीयर ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में नामित आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित जहाज पर घातक सैन्य हमला किया। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने आगे कहा, खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई है कि यह जहाज पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों की तस्करी के ज्ञात मार्गों से गुजर रहा था और मादक पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों में शामिल था।

### ड्रैगन नहीं आ रहा बाज, ताइवान सीमा पर तीनों सेनाएं की तैनात

**ताइपे, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** भारत और चीन समेत दुनिया के कई देश इन दिनों कड़ाके की ठंड से जूझ रहे हैं। इस सर्द मौसम में भी चीन ने तापमान बढ़ा दिया है और युद्ध की आशंका से दुनिया डरी हुई है। चीन ने अपनी तीनों सेनाओं थल, जल और वायु को ताइवान के सीमांत इलाकों के पास तैनात कर दिया है। इसके अलावा ताइवान बॉर्डर पर युद्धाभ्यास किए जा रहे हैं। इसमें वायुसेना भी शामिल है और इसके चलते आसपास के आसमान से विमानों के गुजरने से भी परहेज किया जा रहा है। ताइवान की एयर अथॉरिटीज का कहना है कि चीनी हरकतों के चलते बड़ी संख्या में फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ रहा है। इस वजह से दुनिया भर के करीब एक लाख यात्रियों पर असर पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अमेरिका की ओर से ताइवान को 11 अरब डॉलर के हथियार देने के लिए मंजूरी मिली है। इससे चीन भड़का गया और वह ताइवान को वन चाइना प्लान के तहत अपना हिस्सा मानता है।




## ग्रेटर टोक्यो में सामने आया बर्ड फ्लू का पहला मामला, 2.40 लाख मुर्गियां की जाएंगी नष्ट

**टोक्यो, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** जापान के ग्रेटर टोक्यो इलाके में एवियन इन्फ्लूएंजा का पहला और पूरे देश में एवियन इन्फ्लूएंजा का 12वां मामला सामने आया है।

कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को साइतामा प्रांत के एक पोल्ट्री फार्म में हाईली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा के फैलने की पुष्टि की है। कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, प्रभावित फार्म साइतामा प्रीफेक्चर के रांजान टाउन में स्थित है, जो टोक्यो के उत्तर में पड़ता है।

इस फार्म में करीब 2 लाख 40 हजार मुर्गियां पाली जा रही थीं। ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र में टोक्यो के साथ-साथ साइतामा, चिबा और कनागावा प्रीफेक्चर शामिल होते हैं, इसलिए इस मामले को लेकर प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। साइतामा प्रांतीय सरकार ने बताया कि संक्रमण फैलने से रोकने के लिए फार्म की सभी मुर्गियों को मारकर नष्ट किया जाएगा। इसके बाद उन्हें जलाया और दफनाया जाएगा।

## बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट का दावा, हमने अलग-अलग हमलों में पाकिस्तान के 10 सैनिकों को किया ढेर

» **क्वेटा, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने पाकिस्तान के 10 सैनिकों को मार गिराने का दावा किया है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को बताया कि झाओ, बरखान, टंप और तुर्बत में पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाकर हमले किए गए थे।

सोमवार को ही बीएलएफ समेत अन्य बलूच गुटों ने दावा किया था कि पिछले कुछ दिनों में उन्होंने पंद्रह पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए। उस दावे के ठीक 24 घंटे के भीतर 10 सैनिकों को मारे जाने की बात कही गई है। एक बयान में, बीएलएफ प्रवक्ता मेजर ग्वाहरम बलूच ने कहा कि उनके लड़ाकों ने 28 दिसंबर दोपहर को अवारन जिले के झाओ इलाके में एक पाकिस्तानी मिलिट्री काफिले पर घात लगाकर हमला किया।



द बलूचिस्तान पोस्ट ने उनके हवाले से कहा कि आर्मी के पैदल सैनिक, एक बम-डिस्पोजल टीम और एक पिकअप गाड़ी को टारगेट किया गया था। बयान के मुताबिक, दुश्मन के आठ लोग मौके पर ही मारे गए और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रुप के मुताबिक, काफिले की सुरक्षा के लिए तैनात एक सैन्य वाहन को वहां से भगा कर ले जाया गया। वो भी तब जब घात लगाकर किए गए हमले के दौरान लाशें और घायल सड़क पर पड़े थे। बीएलएफ का कहना है कि वह जल्द ही हमले का वीडियो फुटेज जारी करेगा। पहले हमले के कुछ घंटों बाद रात में दूसरा हमला किया गया, जिसमें बरखान जिले में राखनी के पास सरती-टिक इलाके में एक मिलिट्री कैंप को टारगेट किया गया। बयान में आगे कहा गया कि लड़ाकों ने रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड समेत भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जिससे दो पाकिस्तानी जवान मारे गए और एक घायल हो गया। बीएलएफ ने कहा कि उसके लड़ाकों ने 28 दिसंबर को बलूचिस्तान के टंप के गोमाजी इलाके में तीसरा हमला किया। उन्होंने एक फोर्स चेकपॉइंट पर भारी गोले दागे, और वहां तैनात पाकिस्तानी सैनिकों को काफी नुकसान पहुंचाया।

ग्रुप ने कहा कि उसने 27 दिसंबर को बलूचिस्तान के सेंट्रल तुर्बत में एक नेवी कैंप के मेन गेट पर पाकिस्तानी नौसेना के जवानों को निशाना बनाकर हैंड ग्रेनेड फेंका, जिससे वहां तैनात पाकिस्तानी सैनिक हताहत हुए और इलाके में पाकिस्तानी सेना की गश्त बढ़ गई। बीएलएफ ने आजाद बलूचिस्तान बनने तक पाकिस्तानी सेना पर हथियारबंद हमले जारी रखने की बात दोहराई।

## फोटो स्टोरी



ढाका में सर्दियों के कोहरे के बीच बुरिगंगा नदी के पार यात्रियों को ले जा रही नावें

## यमन ने लगाई इमरजेंसी, सऊदी ने यूएई को बताया खतरनाक

**सना, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।** यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार की प्रेसिडेंशियल लीडरशिप काउंसिल (पीएलसी) ने 90 दिनों की इमरजेंसी घोषित कर दी है। साथ ही, यूएई के साथ संयुक्त रक्षा समझौते को रद्द कर दिया गया और 72 घंटों के लिए हवाई, समुद्री और जमीनी रास्तों पर नाकाबंदी लगा दी गई। यमन में दक्षिणी अलगाववादी गुट साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) ने हाल ही में हदरामौत और महरा प्रांतों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया, जो अमीरात (यूएई) समर्थित हैं। इसके जवाब में ही पीएलसी ने ये कदम उठाया। अलीमी ने इसे अस्वीकार्य विद्रोह बताया। एक बयान में कहा गया, यूनाइटेड अरब अमीरात के साथ जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट रद्द किया जाता है। प्रेसिडेंशियल लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख रशद अल-अलीमी की यह घोषणा तब हुई जब बंटे हुए यमन में लड़ रहे सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने अलगाववादियों के लिए भेजे जा रहे यूएई के हथियारों की शिपमेंट पर हमला किया है।

## बिना तेल के उड़ान भर सकेंगे चीन के फाइटर जेट, तैयार की ऐसी तकनीक

» **बीजिंग, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

चीन वर्तमान में एडवांस तकनीक का पर्याय बन चुका है। दुनिया में तकनीक का कोई ऐसा फिल्ड नहीं है, जहां चीन सबसे आगे न हो या टॉप पर कड़ा कंप्टीशन न देता है। अब चीन के वैज्ञानिकों ने ऐसा एडवांस सतह (सर्फेस) बनाया है, जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल को इस्तेमाल की जाने लायक बिजली में बदल सकता है। यानी अब चीन चाहे उसके फाइटर जेट बिना तेल के ही उड़ान भर सकते है। उन फाइटर जेट की बॉडी को ऐसा बनाया जाएगा कि वे धरती से आती इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल को बिजली में बदल कर उड़न भरे। रिपोर्ट के अनुसार जिदियन यूनिवर्सिटी की टीम ने बताया है कि उसने संचार प्रौद्योगिकी (कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) और उन्नत विद्युत चुम्बकीय इंजीनियरिंग (एडवांस इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंजीनियरिंग) को एक साथ मिला दिया है। इसका उपयोग स्टील्थ सिस्टम और अगली पीढ़ी के 6जी वायरलेस संचार को विकसित करने




के लिए किया जा सकता है।

यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया कि इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कोऑपरेटिव स्टील्थ के मोर्चे पर भी काम किया जा रहा है। इसमें कई टेक्नोलॉजी रडार की विजिबिलिटी को कम करने और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सेंसर के लिए मिलकर काम करती हैं। यह इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम दो चीजों को एक साथ मिलाएगा- वायरलेस सूचना भेजना और आते इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल को बिजली में बदलना। अगर चीन इसमें कामयाब होता है, तब इस टेक्नोलॉजी में आज के वक्त के इलेक्ट्रॉनिक युद्ध को ही पूरी तरह उलटने की क्षमता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नेतन्याहू से मुलाकात के बाद कहा- एक हमला नही झेल पाएगा ईरान

» **फ्लोरिडा, यूटर्न/ 30 दिसम्बर।**

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका के फ्लोरिडा पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके मार-ए-लागो आवास पर मुलाकात की।

दोनों नेताओं के बीच कई घंटों तक गहन वार्ता हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य गाजा में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रभावी युद्धविराम योजना को आगे बढ़ाना था। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह दोनों नेताओं के



बीच पांचवीं औपचारिक मुलाकात थी। मुलाकात के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू की जमकर सराहना की। ट्रंप ने उन्हें एक सक्षम वॉरटाइम प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शानदार काम किया है। ट्रंप ने यहां तक दावा किया कि यदि नेतन्याहू इजरायल के प्रधानमंत्री न होते, तो शायद आज इजरायल का अस्तित्व ही संकट में होता। बैठक में नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और अमेरिका से इस दिशा में सैन्य कार्रवाई करने की मांग की। ईरान के संदर्भ में ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि यदि ईरान के व्यवहार में सुधार नहीं होता है, तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने ईरान के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि ये जानकारियां सच साबित हुईं, तो इस बार हमला पिछली बार की तुलना में कहीं अधिक घातक हो सकता है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि पिछली बार समझौते के तहत ईरान को मौका दिया गया था, लेकिन हर बार ऐसा नहीं होगा।

सूत्रों के अनुसार, जनवरी 2026 की शुरुआत में डोनाल्ड ट्रंप गाजा के भविष्य को लेकर कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

इसमें गाजा में एक फिलिस्तीनी तकनीकी सरकार के गठन और अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती जैसे प्रस्ताव शामिल हो सकते हैं। इस उच्च-स्तरीय बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी विस्तृत चर्चा की थी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *